Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to change the name of Ahraura Road Station to Narayanpur Bazar Station.

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL (MIRZAPUR): Hon. Speaker Sir, thank you for being so kind. अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मिर्जापुर के नारायणपुर बाजार में अहरौरा रोड स्टेशन स्थित है, किन्तु स्टेशन का नामकरण स्थानीय नारायणपुर बाजार के नाम पर न होकर अहरौरा रोड के नाम पर है, जो इस स्टेशन से लगभग 20 कि लोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित है । ऐसी दशा में यात्रियों के बीच सदैव यह भ्रम की स्थिति बनी रहती है और इसलिए लम्बे समय से, कई वर्षों से निरन्तर क्षेत्रवासी यह मांग कर रहे हैं कि इस स्टेशन का नाम परिवर्तित कर दिया जाए । इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार को 25 नवम्बर, 2019 को एक प्रस्ताव भेजा जा चुका है, किन्तु यह प्रस्ताव अनुमोदन के लिए अभी भी लंबित है । मेरा आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह है कि इस प्रस्ताव को तत्काल अनुमोदित करे, ताकि अहरौरा रोड स्टेशन का नाम परिवर्तित करके नारायणपुर बाजार स्टेशन किया जा सके और हमारे क्षेत्रवासियों तथा यात्रियों की समस्या का समाधान हो सके ।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती अनुप्रिया पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।